Government of Orissa. Sambalpur University and Homoeopathic Colleges at Sambalpur and Rourkela on 28.6.1996.

सूरत में विमान पत्तन का निर्माण

2266. श्री रामजीलाल: क्या नागर विमानन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार की गुजरात के सूरत शहर में एक विमान पत्तन बनाने की कोई योजना है;

(ख) यदि हां, तो इसे कब तक बनाया जाएगा;

(ग) यदि नहीं, तो क्या सरकार सूरत आने-जाने वाले व्यापारियों और अन्य लोगों की सुविधाओं को देखते हुए इस संबंध में सर्वेक्षण कराएगी, और

(घ) यदि हां, तो कब तक?

नागर विमानन मंत्री (श्री सी॰ एम॰ इब्राहीम): (क) से (घ) जी, नहीं। सूरत शहर में पहले ही एक हवाई अड्डा है जिसकी क्षमता छोटे (30 सीट वाले) विमान को हैंडल कर सकने की है। यह हवाई अड्डा गुजरात सरकार का है।

रक्त बैंकों के कार्यकरण की जांच के लिए समिति का गठन

2267. श्री गोविन्दराम मिरी: क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने बैंकों के कार्यकरण को समझने और उनके सुधार के लिए सुझाव देने के लिये कोई समिति गठित की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है,

(ग) पिछले तीन वर्षों के दौरान सरकार द्वारा रक्त बैंकों में कितनी धनराशि का निवेश किया गया है;

(घ) जन-स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए सरकार द्वारा संचालित रक्त बैंकों के आधुनिकीकरण के लिए क्या कदम उठाए गए है;

(ङ) क्या सरकार को विभिन्न राज्यों में कुछ रक्त बैंकों से ज्ञापन प्राप्त हुए हैं; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सलीम इकबाल शेरवानी): (क) और (ख) सरकार ने इस प्रयोजन के लिए कोई समिति गठित नहीं की है। तथापि, उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के अनुसरण में, देश में रक्ताधान सेवाओं में सुधार करने की दृष्टि से सोसाइटीज पंजीकरण अधिनियम, 1860 के अन्तर्गत पंजीकृत सोसाइटी के रूप में राष्ट्रीय रक्ताधान परिषद का गठन किया गया है।

(ग) और (घ) राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत, सरकार द्वारा चलाए जाने वाले सभी रक्त बैंकों को आधुनिक बनाया जा रहा है और रक्त निरापदता कार्यक्रम के अन्तर्गत वे नकद और सामग्री अनुदान प्राप्त कर रहे हैं। विमुक्त किए गए अनुदानों का ब्यौरा इस प्रकार है:—

1993-94	:	3.22 करोड़ रुपए
1994-95	:	6.06 करोड़ रुपए
1995-96	:	राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को 35.14 करोड़ रुपए की एकमुश्त राशि विमुक्त की गई जिसमें रक्त निरापदता के अन्तर्गत प्रावधान भी शामिल है।

(ङ) जी नहीं।

(च) प्रश्न नहीं उठता।

Rights Issue on US. 5000 Scheme by UTI

2268. SHRI PARAG CHALIHA: Will the Minister of FINANCE be pleased to state:

(a) whether UTI offered Rights Issue on its U.S. 5000 scheme in November-December, 199S, at the face value of Rs. 10/- per share on 1:1 basis;

(b) if so, the number of cases in Delhi where applications were rejected;

(c) whether the Unit holders whose applications were rejected were informed and
the time taken in doing so;

(d) whether they were given another chance for rectifying the lapse for rjection if not, the reasons therefor,

(e) whether the unutilised Right Issue is allotted to the employees of UTI, if so, the reasons therefor; and

(f) the steps taken to rectify the same?

THE MINISTER OF FINANCE (SHRI P. CHIDAMBARAM) (a) Yes, Sir.

(b) 332 applications for rights offer were rejected by the Delhi office of UTI.